# 13 राजस्थान की झीलें व बावड़ियाँ

1. 'ढेबर झील' किस झील का अन्य नाम है?
(1) राजसमंद (2) सांभर
(3) जयसमंद (4) पिछोला (3)

**व्याख्या–** जयसमंद झील में गिरने वाली गोमती नदी ढ़ेबर दर्रे से निकलती है, इसलिए इस झील को 'ढ़ेबर झील' कहते हैं।

2. निम्न में से कौनसी खारे पानी की झील नहीं है ?
(1) पचपदरा (2) डेगाना
(3) कावोद (4) बुझ झील (4)

**व्याख्या–** बुझ झील जैसलमेर में स्थित मीठे पानी की झील है, इसमें काकनी नदी का पानी आता है।

3. किस झील में सौर वेधशाला बनी है ?
(1) जयसमंद (2)आनासागर
(3) फतेहसागर (4) पिछोला (3)

**व्याख्या–** फतेहसागर झील के मध्य बनी सौर वेधशाला का वर्तमान में प्रबंधन भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला अहमदाबाद द्वारा किया जा रहा है।

4. निम्न में से कौनसी झील बीकानेर में नहीं है–
(1) कोलायत झील (2) गैब सागर
(3) सूरसागर (4) गजनेर झील (2)

**व्याख्या–** गैब सागर झील डूँगरपुर जिले में स्थित है, जिसका निर्माण महारावल गोपीनाथ ने करवाया था। इस झील को एडवर्ड सागर बाँध भी कहा जाता है।

5. खारवाल जाति के लोग नमक कहाँ बनाते हैं?
(1) पचपदरा (2) डीडवाना
(3) फलौदी (4) सांभर (1)

6. निम्न में से असंगत छांटिये –
(1) भोपालसागर– उदयपुर (2) उदयसागर– उदयपुर
(3) कोलायत– बीकानेर (4) गैबसागर– डूँगरपुर (1)

**व्याख्या–** भोपाल सागर झील चित्तौड़गढ़ जिले में स्थित है। जिसका निर्माण महाराणा भोपाल सिंह ने करवाया था।

7. आनासागर झील का निर्माण किसने करवाया?
(1) अर्णोराज (2) बीसलदेव
(3) पृथ्वीराज चौहान (4) अजयराज (1)

**व्याख्या–** इस झील का निर्माण आनाजी ने तुर्कों की सेना के संहार के बाद खून से रंगी धरती को साफ करने के लिए लूनी/चन्द्रा नदी के पानी को रोककर करवाया गया था।

8. राज्य सरकार द्वारा पुष्कर के समान ही किस झील को पवित्र घोषित किया गया है?
(1) जयसमन्द (2) राजसमंद
(3) कोलायत (4) फतेहसागर (2)

**व्याख्या–** राजसमंद झील का निर्माण महाराणा राजसिंह ने करवाया था। यह झील राजस्थान की दूसरी बड़ी कृत्रिम झील है।

9. पिछोला झील का निर्माण किस मेवाड़ शासक के काल में हुआ?
(1) राजसिंह (2) महाराणा कुम्भा
(3) महाराणा लाखा (4) महाराणा उदयसिंह (3)

**व्याख्या–** इस झील का निर्माण छितर/पीच्छू नामक एक बन्जारे ने अपने बैल की याद में करवाया था। यह उदयपुर की सबसे प्राचीन व सुन्दर झील है।

10. राजस्थान की सबसे पवित्र झील कौनसी है?
(1) राजसमंद (2) पुष्कर
(3) नक्की (4) सांभर (2)

**व्याख्या–** यह झील ज्वालामुखी के लावे से निर्मित है। यह राजस्थान की सबसे प्राचीन व प्राकृतिक मीठे पानी की झील है। इस झील का हिन्दुओं का पाँचवा तीर्थ भी कहा जाता है।

11. 'देवताओं द्वारा अपने नाखूनों से इस झील को खोदा गया है' ऐसी मान्यता किस झील के बारे में है?
(1) राजसमंद (2) जयसमन्द
(3) नक्की (4) पुष्कर (3)

**व्याख्या–** नक्की झील गरासिया जनजाति की पवित्र झील है। गरासिया जनजाति के लोग अपने पूर्वजों की अस्थियाँ इसी झील में प्रवाहित करते हैं।

12. फॉयसागर झील में किस नदी का पानी आकर गिरता है?
(1) गोमती (2) बांडी
(3) खारी (4) बेड़च (2)

**व्याख्या–** फॉयसागर झील का निर्माण नगर परिषद् अजमेर द्वारा अकाल राहत कार्य के लिए करवाया गया था। यह झील इंजीनियर फॉय के निर्देशन में बनी इसलिए इसका नाम फॉयसागर झील पड़ा।

13. शुष्क मरूस्थल का सुन्दर उद्यान किस झील को कहा जाता है?
(1) कोलायत झील (2) नक्की झील
(3) पुष्कर (4) गजनेर झील (1)

**व्याख्या–** कोलायत झील के बारे में मान्यता है कि कपिल मुनि ने अपनी माता की मुक्ति के लिए पाताल गंगा निकाली थी जो वर्तमान में कपिल सरोवर या कपिल झील कहलाता है।

14. फतेहसागर झील के मध्य निर्मित सौर वैधशाला का निर्माण किसकी तर्ज पर हुआ?
(1) U.S.A. के कैलीफोर्निया की सौर वैधशाला के तर्ज पर
(2) ब्रिटेन के लंदन की सौर वैधशाला के तर्ज पर
(3) हैदराबाद की हुसैनसागर झील की तर्ज पर
(4) श्रीनगर की डल झील की तर्ज पर (1)

15. सांभर झील पर किस नदी द्वारा प्रतिवर्ष सर्वाधिक लवण की मात्रा लाकर जमा की जाती है–
(1) मेढ़ा नदी (2) खण्डेला नदी
(3) खारी नदी (4) रूपनगढ नदी (1)

16. विनयसिंह द्वारा अपनी पत्नी शीला के नाम पर किस झील का निर्माण करवाया गया?
(1) कनक सागर (2) पीथमपुरी
(3) सिलीसेढ़ (4) तलवाड़ा झील (3)

**व्याख्या–** यह झील 'राजस्थान का नन्दनकानन' कहलाती है, इस झील के किनारे नाथ पंथियों का तीर्थ भर्तृहरि का मंदिर व गुफा स्थित है।

17. अर्णोराज द्वारा तुर्कों के संहार के बाद खून से रंगी धरती को साफ करने के लिए किस झील का निर्माण करवाया गया था?
(1) पुष्कर झील (2) आनासागर
(3) फॉयसागर (4) मोती झीज (2)

**व्याख्या–** इस झील का निर्माण आना जी ने 1135 से 37 ई. के मध्य करवाया था, इस झील के किनारे जहाँगीर ने नूरजहाँ का महल बनवाया था।

18. राजसमंद झील की पाल का पहला पत्थर रखने का श्रेय किस लोकदेवी को जाता है?
(1) घेवरमाता (2) आयड़ माता
(3) करणीमाता (4) बड़लीमाता (1)

**व्याख्या–** घेवर बाई मेवाड़ के महाराणा राजसिंह के महाप्रबन्धक दयालशाह की पत्नी थी। इस झील के पास एक पहाड़ी पर 'दयालशाह का किला' बना है जो जैन मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है।

19. राजस्थान की निम्न झीलों में से कौन सी झील 'केन्द्रीय झील संरक्षण कार्यक्रम' (NLCP) के अन्तर्गत नहीं आती है–
(1) फतेह सागर झील (2) स्वरूप सागर झील
(3) आना सागर झील (4) नक्की झील (2)

**व्याख्या–** केंद्रीय झील संरक्षण योजना में राजस्थान की छः झीलों (पुष्कर, आनासागर, फतेहसागर, पिछोला, मानसागर, नक्की झील) को शामिल किया गया है।

20. जयसमन्द झील पर स्थित सबसे छोटे व सबसे बड़े टापू का क्रमशः नाम है?
(1) बाबा का भाखड़ा व प्यारी (2) प्यारी व बाबा का भांगड़ा
(3) भीलू व प्यारी (4) बाबा का भाखड़ा व भीलू (2)

**व्याख्या–** इस झील पर छोटे–बड़े सात टापू बने हुए हैं, जिन पर मीणा व भील जनजाति के लोग रहते हैं।

21. निम्न में से असंगत युग्म है–
(1) गड़ीसर–जैसलमेर (2) भोपाल सागर–चित्तौड़गढ़
(3) तालाब शाही–बारां (4) फॉयसागर–अजमेर (3)

**व्याख्या–** तालाब शाही झील धौलपुर में स्थित है। यह झील जहाँगीर के मनसबदार सलेहखां द्वारा निर्मित है।

22. पचपदरा झील स्थित है?
(1) बाड़मेर (2) नागौर
(3) जैसलमेर (4) जयपुर (1)

**व्याख्या–** पचपदरा झील राजस्थान की खारे पानी की दूसरी बड़ी झील है। यहाँ का नमक सर्वोच्च कोटि का व सबसे खारा है। इसमें 98 प्रतिशत सोडियम क्लोराइड पाया जाता है।

23. तलवाड़ा झील किस नदी द्वारा भरती है?
(1) कांतली (2) कांकनेय
(3) घग्घर (4) साबी (3)

**व्याख्या–** तलवाड़ा झील को घग्घर नदी से जलापुर्ति होती है। यह राजस्थान की सबसे नीची झील मानी जाती है।

24. सुजान गंगा झील किसके द्वारा निर्मित है?
(1) बदनसिंह (2) सूरजमल
(3) जोरावरसिंह (4) राव राजाराम (2)

**व्याख्या–** सुजान गंगा झील असल में एक नहर है। जो मोतीझील से लोहागढ़ किले के चारों तरफ बनी खाई को जलापूर्ति करती है।

25. प्रति वर्ष कार्तिक पूर्णिमा को कौनसी झीलों के किनारे मेला लगता है?
(1) कोलायत, आनासागर (2) पुष्कर, कोलायत
(3) पुष्कर, गजनेर (4) पुष्कर, नक्की (2)

26. किस झील के निकट हाथी गुफा, चम्पा गुफा तथा राम झरोखा आदि गुफाएँ प्रसिद्ध है?
(1) पुष्कर (2) नक्की
(3) सांभर (4) राजसमंद (2)

27. निम्न में से असंगत है?

| | झील | जिला |
|---|---|---|
| (1) | अमर सागर | जैसलमेर |
| (2) | गजनेर झील | बीकानेर |
| (3) | नवलखा झील | बूंदी |
| (4) | गैब सागर | बाँसवाड़ा |

(4)

**व्याख्या–** गैब सागर झील डूँगरपुर में स्थित है और इस झील का निर्माण महारावल गोपीनाथ द्वारा करवाया गया था। इस झील के किनारे कालीबाई स्मारक बना हुआ है।

28. रानी फूललता द्वारा निर्मित फूलसागर झील किस जिले में स्थित है?
(1) कोटा (2) बूँदी
(3) उदयपुर (4) भरतपुर (2)

**व्याख्या–** फूलसागर झील बूँदी के उत्तर–पश्चिम में स्थित इस झील का निर्माण राव राजा भोज की उप–पत्नि फूललता ने करवाया था।

29. राजस्थान की कौनसी झील नवम्बर 2019 में हजारों पक्षियों की मृत्यु के कारण चर्चाओं में रही थी–
(1) पुष्कर झील (2) सांभर झील
(3) पचपदरा झील (4) लूणकरनसर झील (2)

**व्याख्या–** सांभर झील जयपुर जिले में स्थित है और क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान की सबसे बड़ी झील है। यह भारत की खारे पानी की दूसरी सबसे बड़ी झील है।

30. जयसमन्द झील में किस नदी का पानी आकर गिरता है?
(1) बनास (2) बेड़च (3) गोमती (4) चम्बल (3)

**व्याख्या–** जयसमंद झील को 'ढेबर झील' के नाम से भी जाना जाता है। इस झील से सिंचाई हेतु श्यामपुरा व भट्टा नहर नामक दो नहरे निकाली गई है।

31. राजस्थान की सबसे बड़ी मीठे पानी की कृत्रिम झील है–
(1) पुष्कर (2) फतेहसागर
(3) जयसमन्द (4) राजसमंद (3)

**व्याख्या–** जयसमन्द झील का निर्माण मेवाड़ के महाराणा जयसिंह ने 1685 से 1691 ई. के मध्य करवाया था। यह भारत की तीसरी बड़ी व राजस्थान की सबसे बड़ी कृत्रिम और मीठे पानी की झील है।

32. पूंजेला तालाब किस जिले में स्थित है?
(1) डूँगरपुर (2) बाँसवाड़ा
(3) उदयपुर (4) सीकर (1)

33. पन्ना मीणा की बावड़ी स्थित है–
(1) अलवर (2) दौसा
(3) सवाई माधोपुर (4) जयपुर (4)

34. प्रसिद्ध चाँद बावड़ी स्थित है–
(1) शाहबाद (बारां) (2) बनेड़ा (भीलवाड़ा)
(3) आभानेरी (दौसा) (4) ओसियां (जोधपुर) (3)

**व्याख्या–** यह राजस्थान की सबसे गहरी व कलात्मक बावड़ी है और इसका निर्माण प्रतिहार राजा चाँद ने करवाया था।

35. स्वरूप सागर झील किस जिले में स्थित है–
(1) कोटा (2) उदयपुर
(3) चित्तौड़गढ़ (4) राजसमंद (2)

**व्याख्या–** इस झील का निर्माण महाराजा स्वरूपसिंह ने 1857 ई. में करवाया था। यह तंग झील पिछोला व फतेहसागर झील को जोड़ती है।

36. निम्न में से गलत युग्म को चुनिये–
(1) किशोर सागर– कोटा (2) कायलाना– जोधपुर
(3) बड़ी झील– चित्तौड़गढ़ (4) रामगढ़ झील– बारां (3)

**व्याख्या–** बड़ी झील उदयपुर जिले में स्थित है और इस झील का निर्माण महाराणा राजसिंह ने बड़ी गाँव में अपनी माता ज्ञान कंवर की स्मृति में करवाया था। इस झील का पुराना नाम 'जियान सागर' है।

37. निम्न में से कौनसी झील किनारे कालीबाई का स्मारक बना है–
(1) किशोर सागर (2) गैब सागर
(3) फूल सागर (4) जयसमंद झील (2)

**व्याख्या–** गैब सागर झील डूँगरपुर जिले में स्थित है और इस झील के मध्य बादल महल बना हुआ है। जिसका निर्माण महारावल पुंजराज द्वारा करवाया गया था।

38. निम्न में से कौनसी खारे पानी की झील बाड़मेर में स्थित है–
(1) सांभर (2) लूणकरणसर
(3) डीडवाना (4) पचपदरा (4)

**व्याख्या–** पचपदरा झील बाड़मेर जिले में स्थित है। यहाँ का नमक सर्वोच्च कोटि का व सबसे खारा है। इसमें 98 प्रतिशत सोड़ियम क्लोराइड पाया जाता है।

39. उदयपुर की किस झील किनारे महाराणा उदयसिंह द्वारा निर्मित 'राजमहल' बना है–
(1) उदयसागर झील (2) पिछोला झील
(3) फतेहसागर झील (4) स्वरूपसागर झील (2)

**व्याख्या–** राजमहल/सिटी पैलेस– महाराणा उदयसिंह द्वारा मेवाड़ राज परिवार के रहने के लिए इस महल का निर्माण करवाया था, जो पिछोला झील के किनारे स्थित है। फर्ग्युसन ने इसकी तुलना लंदन के विण्डसर महल से की है।


40. राजस्थान की किस झील को 'देवाली तालाब' के लिए भी जाना जाता है–
(1) फतेहसागर झील (2) पुष्कर झील
(3) जयसमंद झील (4) पिछोला झील (1)


**व्याख्या–** फतेहसागर झील को कनॉट बाँध भी कहा जाता है और इस झील का निर्माण महाराणा जयसिंह द्वारा 1688 ई. में करवाया गया था। फतेहसागर झील के टापू पर देश की पहली सौर वेधशाला स्थापित की गई है।

Dhindhwal Publication

# तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती मुख्य परीक्षा– 2022 के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें–




धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध हैं। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।